## संक्षिप्त

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**श्रीमाधोपुर ।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 44 वां शिविर 12 फरवरी को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। लायंस क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर आयोजकों ने रोगी से अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ लाने का आग्रह किया है।

### टोडारायसिंह व मोर थाना मालपुरा सीओ सर्किल मे शामिल

**मालपुरा ।** पूर्व कांग्रेस सरकार के अन्तिम कार्यकाल मे बने नवीन जिलो मे टोडारायसिंह व मोर थाना को शामिल किया गया था। हाल ही मे राज्य सरकार द्वारा केकडी जिले को रद्द करने के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक अजमेर रैंज ओमप्रकाश ने आदेश जारी कर दोनो थानो क्षैत्रो को पुन: टोंक जिले मे शामिल करते हुये मालपुरा सीओ सर्किल मे शामिल करने के दिये आदेश। दोनो थानो की फाईले व दस्तावेज पुन: जिला मुख्यालय टोंक एसपी कार्यालय के रिकॉर्ड मे होगें शामिल।

### शिशुपाल बने अध्यक्ष

**मालपुरा।** माली समाज द्वारा प्रस्तावित चतुर्थ सामुहिक विवाह सम्मेलन 2०25 के सफल आयोजन को लेकर समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे सामुहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष पद पर शिशुपाल सैनी बघेरा वाले को नियुक्त किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर गणेश हलसोरा,कोषाध्यक्ष गोपाल छारोडिया,महामंत्री भागचन्द मेम्बर को जिम्मेदारी दी गई। मौजूद समाज बंधुओ ने सामुहिक विवाह सम्मेलन मे अध्यक्ष व कार्यकारिणी के साथ मिल सफल आयोजन का विश्वास दिलाया।

### डॉ. वैभव शर्मा पीएचडी की उपाधि

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. वैभव शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. वैभव ने विद्यापीठ में संगीत गायन में शोध कार्य प्रो. ईना आदित्य शास्त्री के निर्देशन में पूरा किया। डॉ. वैभव शर्मा संगीत थैरेपी के जरिए डिप्रेशन में आए हुए लोगों को मुस्कान बांट रहे हैं। डॉ. शर्मा 5 गोल्ड मेडल व कंट्रीपाउड का खिताब प्राप्त कर चुके है।

### आज 3 घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**निवाई।** शहर में मंगलवार को दोपहर में 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि निवाई फीडर पर दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कार्य किया जाएगा। इसके चलते हनुमान नगर, विकास कॉलोनी व जमात क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### विश्वकर्मा जयंति पर निकाली शोभायात्रा

**मालपुरा।** सोमवार को विश्वकर्मा जयंति के अवसर पर मालपुरा व टोडारायसिंह जांगिड समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा। मालपुरा कृषि मंडी से शुरू हुई शोभायात्रा मे शामिल महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुये शहर के मुख्य मार्गो से होकर गांधी पार्क जांगिड समाज के सीताराम जी मंदिर पहुंचे। मार्ग मे जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। मंदिर मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### सोडा पीएचसी नर्सिंग ऑफिसर तबादले पर रोक

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के सोडा उपस्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थापित वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर भगवान सहाय वर्मा के तबादले पर रोक एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा ने प्रार्थी की पैरवी करते हुये बताया कि 15 जनवरी को वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर भगवान सहाय वर्मा का विभाग ने कोटा कर दिया था तबादला। प्रार्थी द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण मे लगाई याचिका पर जारी हुये रोक के आदेश।

# 'आमजन की समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्हें राहत पहुंचाए'

■ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं व राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें।

जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आवश्यक सेवाओं संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकायिों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही करते हुए परीवादों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें व पोर्टल पर भी जानकारी अपडेट करें।

उन्होंने संबंधित विभाग को सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमणों को हटवाने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे यातायात सुगम हो सके। आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने, अवैध कनेक्शन पर कार्यवाही करने को कहा।

उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने एवं शहर में अव्यस्थित तरीके से मार्गो को अवरूद्ध करने वालों स्थानों व सड़क के बीच में लगे ट्रांसफार्मरों व पोल्स को चिन्हित कर अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा विभाग को आयुष्मान ई- केवाईसी शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए जिले की रैंकिंग में सुधारने करने एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी रामावतार कुमावत, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैरियर मेले का आयोजन

**श्रीमाधोपुर ।** ग्राम जाजोद में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। यूथ एंड इको क्लब प्रभारी विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राउमावि जाजोद में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न सेवा क्षेत्रों के विशेषज्ञों के द्वारा बालकों को सड़क सुरक्षा, मेडिकल, बैंकिंग, शिक्षा, सार्वजनिक क्षेत्र आदि के कार्य क्षेत्रों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पुलिस विभाग से थाना प्रभारी गिरधारी लाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाजोद से डॉक्टर सुमन बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से संगीता घायल और सुनीता निठारवाल ने अपने अपने विभागों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर घासीराम वर्मा, महेंद्र सिंह खोखर, चंपा कुमारी, अनीता, बलवीर कुमार, फूलचंद कुड़ी, विष्णु कुमार जोशी, मुरारी लाल जाट, गजानन जाट, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र कुमार पालीवाल, जितेंद्र कुमार, मोहन सिंह और झाबरमल बुरड़क, अभिभावक और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# दिव्यांग समानता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ



शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

**टोंक।** ब्रह्माकुमारी ईशरीय विश्व विद्यालय द्वारा चलाएं जा रहे राजस्थान दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत टोंक के भैय्या शिक्षा समिति विशेष शिक्षा शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो राज्य सरकार तथा राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, इस कार्यक्रम में दिव्यांगजन के कल्याण एवं संवर्धन पर मंथन हुआ। वही चल चित्रों के माध्यम से मोटिवेशनल वीडियो दिखाया गया साथ ही बौद्धिक स्तर को बढ़ाने वाले अनेक गेम व एक्टिविटी करवाई गई।

माउंट आबू से आए दिव्यांग सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक राजयोगी बीके सूर्यमणि दास ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि दिव्यांग बच्चों के साथ समानता का व्यवहार हो और उन्हें समाज में पूर्ण संरक्षण मिले तो वे भी समाज की मुख्य धारा के साथ जुड़कर देश की उन्नति में सहयोगी बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शरीर के सशक्तिकरण के लिए हम भोजन,नींद एवं व्यायाम पर ध्यान देते हैं वैसे ही हमें शरीर को चलाने वाली चौतन्य शक्ति आत्मा के सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक है इसके लिए यदि प्रार्थना में प्रतिदिन दो मिनट मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाए। तो बच्चों के बोद्धिक स्तर में वृद्धि के साथ- साथ विद्यालय के वातावरण में भी सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि होगी।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** गांव कायमनगर बासडी को ग्राम पंचायत तुर्किया में ही रखने की मांग का तहसीलदार को ग्रामीणों ने तुर्किया सरपंच नितेश मीणा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि कायम नगर की आबादी करीब 1 हजार 500 है तथा करीब 800 मतदाता हैं। जानकारी में आया है कि कायम नगर को ग्राम पंचायत रामपुरा उर्फ नयागांव में शामिल किया जाएगा। ग्राम पंचायत तुर्किया से कायम नगर की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है। जबकि नया गांव ग्राम पंचायत की दूरी करीब 13 किलोमीटर है। इसलिए ग्रामीणों के लिए कायम नगर ग्राम पंचायत तुर्किया में ही रखने से सुविधा रहेगी। ज्ञापन के माध्यम से गांव कायमनगर को पूर्ववर्ती ग्राम पंचायत तुर्किया में ही रखने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शंकरलाल सैनी, लालाराम, सुखपाल, श्योनारायण, कालूराम, प्रभु, श्रीराम, लड्डूलाल, उग्रसेन, सुरेश, मुकेश, कानाराम, चौथमल, मुकेश, रतनलाल व राम सहाय सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# शहीद बंशीधर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये



पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

**पावटा।** 27 साल पहले 10 फरवरी 1996 में श्री नगर ऑपरेशन मे आतंकवादियो के हमले में शहीद हुए क्षेत्र के पाथरेडी गांव निवासी जवान बंशीधर यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के तहत श्रद्धा सुमन अर्पित करने हजारों लोग एकत्रित हुए। पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्रामीणों ने उनके आदमकद प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदेमातरम, शहीद बंशीधर यादव अमर रहे आदि गगन भेदी नारे लगाए गए। इस मौके पर गिरिराज यादव व गिरदावर शशिधर यादव, रामस्वरूप यादव, सूरजभान यादव, रामनिवास यादव, पप्पूलाल यादव, मोहन लाल यादव, वेद प्रकाश सहित पूरा परिवार भावुक नजर आया। इस दौरान पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने कहाँ कि शहीदों के बलिदान के लिए प्रत्येक भारतवासी सदैव उनका ऋणी रहेगा। मातृ भूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका बलिदान जीवन भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। जिस देश के सम्मान के लिए युवा अपने प्राणों की आहुति दें, उस देश को दुश्मन कभी पराजित नहीं कर सकता। धन्य हैं ऐसी माताएं, जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों जन्म दिया।

वही ग्राम पंचायत पाथरेडी शहीद वेलफेयर समिति सदस्य शशिधर यादव द्वारा आये हुए अतिथियों का माला व साफ़ा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वही इस दौरान आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों सहित साहित्य एवं रचनात्मक प्रवृत्तियों में राज्य स्तर पर पुरस्कृत खेलकूद प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रतिभाओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें पारितोषिक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पावटा तहसीलदार संजय खेदड़, ट्रेनी आरएएस दिनेश कटारिया, कर्नल सुभाष राम कोटपुतली ईसीएचएस प्रभारी, कप्तान मदन सिंह कोटपुतली सीएसडी प्रभारी, यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूराम हुल्डा, समाज सेवी गिरधारी लाल यादव, पूर्व सरपंच पाथरेडी शंभु दयाल मीणा, रोहिताश यादव, ईश्वर मीणा, मन्ना लाल यादव, मिट्ठू, श्योराम, मुखराम, हरिसिंह हवलदार सहित सैकड़ो की संख्या मे आस पास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन मंत्री ने किया वन प्रशिक्षण केंद्र अलवर का निरीक्षण

**अलवर ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज नारायण विलास स्थित वन प्रशिक्षण केंद्र अलवर का निरीक्षण कर प्रशिक्षु वन्यकर्मियों से दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में संवाद किया।

मंत्री शर्मा ने वन प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर उप वन संरक्षक प्रशिक्षण राजीव लोचन पाठक को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव तैयार करें ताकि उसकी मरम्मत कर भवन को सुन्दर स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने 120वें वनरक्षक प्रशिक्षण बेच के तहत प्रशिक्षण ले रही महिला वनरक्षकों से संवाद कर उन्हें दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि गहनता से प्रशिक्षण लेवे ताकि फील्ड में अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन कर सकें। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राजकीय सेवा के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का पुनीत दायित्व मिला है इसे सेवाभाव के साथ निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

मंत्री शर्मा ने अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अलवर शहर की रैंकिंग सुधारने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही आमजन को कचरा सेग्रीगेशन आदि के लिए जागरूक करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कराई गई सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्मारक में यूआईटी के माध्यम से तैयार कराई गई डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा उनके द्वारा अलवर शहर सहित जिले में युवाओं को डिजिटल एजुकेशन से जोडने व अध्ययन हेतु अच्छी लाइब्रेरी विकसित कराई जा रही है। मंत्री शर्मा ने विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर जांगिड़ समाज अलवर द्वारा निकाली गई शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

# वार्षिक महोत्सव में श्रद्धालुओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली

■ कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया



कलश यात्रा कस्बे के लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर डूंगा वाला हनुमान मंदिर पहुँची।

**कोटपूतली।** नीले के सारथी ग्रुप द्वारा आयोजित द्वितीय वार्षिक महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास और धार्मिक श्रद्धा का वातावरण रहा। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा कस्बे के लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर डूंगा वाला हनुमान मंदिर पहुँची।

कलश यात्रा में 551 कलश सजाये गये एवं 51 निशान हाथों में लेकर चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भावना देखते ही बन रही थी। कलश यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालू अपने-अपने कलशों के साथ गाते-बजाते हुये शामिल हुये। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा धार्मिक आस्था और एकता का प्रतीक बनी। वहीं एकादशी को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ।

बाबा श्याम की 56 भोग की झांकी सजाई गई एवं आतिशबाजी भी की गई। जागरण में भजन गायकों ने अपने स्वर से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिल्ली से राहुल संवार, जबलपुर से प्रीति सर्गम और लखनऊ से एकता रस्तोगी ने अपने भजनों से समूचे माहौल को भक्ति में रंग दिया। उनका गायन भक्तों को पूरी तरह से झूमने और भगवान की महिमा में खो जाने के लिए प्रेरित कर रहा था। साथ ही भक्तगण गगनभेदी भजनों के साथ बाबा श्याम की आराधना करते हुए भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे।

इस अवसर पर श्री श्याम बाबा का भंडारा प्रसादी करके वार्षिकोत्सव संपन्न किया गया।

इस मौके पर खाटू श्याम मंदिर से निज सेवक इंद्र सिंह चौहान, सुनील शास्त्री, नीले के सारथी ग्रुप से महेश अग्रवाल, पराग गुप्ता, सोनू अग्रवाल, मनोज भारद्वाज, अशोक मीना, अनिल अग्रवाल, वंश, दीपांशु, केशव, मेहुल, रोहित, राहुल, रघुवीर, श्रीराम सत्संग मंडल के आनंद पंडित, सुनील कुमार, मनोज सोनी, दीपक बंसल, विक्रम सरपंच, सन्नी जिंदल, मनोज पार्षद, गौ सेवार्थ मंडल, लंगुर सेवा समिति, वानर सेवा समिति, श्याम परिवार मंडल, स्वच्छता सेवा दल से प्रवीण बंसल, रामप्रकाश बंसल, रवि यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## माँ सरस्वती की मूर्ति का किया अनावरण

**शाहपुरा।** खोरा लाड़खानी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शक्तपुरा माँ सरस्वती की मूर्ति का पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथी विधायक मनीष यादव व अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामचंद्र जाट रहे। विद्यालय में मां सरस्वती के मन्दिर का निर्माण स्व.बिरनाथ जी की पुण्यस्मृति में उनकी धर्मपत्नी प्रभुदेवा व उनके सुपुत्र भालूराम योगी, रोशनलाल, रिछपाल योगी की ओर से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मनीष यादव ने कहा कि शिक्षा से जीवन में सब कुछ अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने कहा की शिक्षा से लोगों का व्यक्तिगत और सामाजिक विकास होता है साथ ही शिक्षा से लोगों में जागरूकता और संवेदनशीलता भी आती है। विधायक ने शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार के भावों पर भी प्रकाश डाला और मां सरस्वती से उनके जीवन में उनकी तरक्की और सफलता की प्रार्थना भी की। संस्थाप्रधान रामचंद्र जाट ने कहा कि शिक्षा से ही आदमी की तरक़्क़ी तथा व्यक्तित्व का निखार होता है।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**श्रीमाधोपुर।** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं जिला परियोजना प्रबंधक शीशराम यादव राजीविका सीकर के निर्देशन में आज सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र जाजोद खंडेला का उद्घाटन हुआ उक्त प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन विधिवत रूप से विधायक प्रतिनिधि डॉ शंकर लाल मील के द्वारा फीता काट कर किया गया । इसी दोरान जिला प्रबंधक गिरधारी लाल ने में होने वाले विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में बताया जो आज से पहले चुरू जिले में हुआ करते थे ब्लाक परियोजना प्रबंधक महेश कुमार ने राजीविका में चल रहे काम के बारे में बताया । इसी के साथ विधायक प्रतिनिधि डॉ शंकर मील ने राजीविका को किसी भी तरह की मदद के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए। राजीविका सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र जाजोद की मरम्मत के लिए जल्द से जल्द फण्ड दिलवाने की घोषणा की इससे पांडाल में विराजमान सभी राजीविका की बहनों में ख़ुशी की लहर फैली गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजोद की प्रधानाचार्य सुमन तोबड़िया ने महिलाओ के उत्साह को देखते हुए और आगे बढ़ने में हरसंभव सहायता के लिए तेयार रहने की बात कही । उक्त केंद्र के उद्घाटन में विभिन्न राजीविका सोसायटी के पदाधिकारी एवं सोसायटी स्टाफ ने अपने अपने कार्य के बारे में बताया । क्लस्टर मेनेजर कांवट सुशीला देवी ने महिला शाश्क्तिकरण के बारे में अपने वक्तव्य से राजीविका की बहनों का होशला अपजाई किया, साथ ही मंच पर विराजमान सभी अतिथिगणों ने महिलाओ का होशला बढाया कार्यक्रम के समपन्न के दोरान उड़ान राजीविका महिला सर्वांगीन विकास सहकारी समिति लि. जाजोद की अध्यक्ष अनीता कँवर राजीविका के फायदे बताते हुए घर से ऑफिस तक अपने विकास के सफ़र से के बारे में बता कर महिलाओ में सशक्तिकरण की उर्जा भर दी।

### करियर मेले में विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई

**सांभरझील,** (निसं)। पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांभर में विभागीय निर्देशानुसार सोमवार को कैरियर मेले का आयोजन किया गया । इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में खुद की खास पहचान रखने वाले बुद्धिजीवियों ने भी कैरियर मेले के आयोजन के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण कर उनके हुनर की हौसला अफजाई की। इस मौके पर राजकीय शाकंबर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य कैप्टन डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा ने कहा कि इससे बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है तथा उनकी किन चीजों में अभिरुचि है, उसका भी पता चलता है। करियर मेला विद्यार्थियों के लिए खास महत्व रखता है। इसके सफल संचालन के लिए प्रिंसिपल टीकमचंद मालाकार व उनकी समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सांभर साल्ट के जनरल मैनेजर विंग कमांडर सतीश चौथनकर, कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट योगेश शर्मा, मास्टर ट्रेनर प्रियंका पिंगोलिया ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की स्टाल एवं व्यवसाय से जुड़े हुए स्टार्टअप स्टॉल लगाकर अपनी अभिरुचि का परिचय दिया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के अनुभव एवं उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया तथा साथ ही विद्यार्थियों को उनके भविष्य हेतु मार्ग निर्देशित किया। अंत में प्रधानाचार्य मालाकार द्वारा सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए चार्ट, मॉडल, पोस्टर का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### स्व. राजेश पायलट की जयन्ती पर कांग्रेस ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**टोंक।** पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक राजीव गांधी सभागार में स्व. राजेश पायलट के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी रखी गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि स्व. राजेश पायलट ने देश में गाँव, गरीब, किसान व कमजोर वर्गों के हितों की आवाज बनकर, जन-जन की सेवा की और वायुसेना में भारत माता के प्रति अपना निष्ठावान कतृव्य निभाया, इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा साथ ही आज की युवाओं को उनसे से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। इस दौरान लक्ष्मण चौधरी गाता, दिनेश चौरसिया, महावीर तोगड़ा, शिवजी राम मीणा, हंसराज फागणा, महमूद शाह, धर्मेंद्र सालोदिया, अब्दुल खालिक सेवादल, मणिन्द्र बैरवा, मूलचंद बैरवा, नरेश मीणा पंचायत विभाग राजीव गांधी जिला अध्यक्ष आदि लोगों ने विचार गोष्ठी में स्वर्गीय राजेश पायलट के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किया।

### शिव जयंती महोत्सव आयोजित

**शाहपुरा।** शाहपुरा के वृन्दावन कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग साधना केन्द्र में शिव जयंती महोत्सव राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुषमा बहन के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी सुषमा बहन ने सभी को मौन साधना एवं शिव परमात्मा की याद में रहने के लाभ बताएं। परमानंद धाम खोरी के संत हरिओम दास महाराज ने परमात्मा शिव को प्रसन्न करने की विधि बताई। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुलभा बहन ने मुरली क्लास करवायी। बीके खुशबू, बीके पिंकी, बी के सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। भाजपा नेता पवन शर्मा ने कहा ब्रह्माकुमारीज का योगदान मानव सेवा में प्रेरणा दायक है हम सभी को सत्य के पथ पर चलते हुए मानव सेवा करनी चाहिए। शाहपुरा प्रधान मंजु शर्मा ने ब्रह्माकुमारी बहनों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा। आश्रम निर्माण के मणी माता ने एक लाख की घोषणा की। गायत्री माता ने पचास कट्टे सीमेंट की घोषणा। इस मौके पर सीए दीवाकर, विश्व हिन्दू परिषद से विजेश, विजय, चाणक्य मंच से सत्यनारायण, बनवारी, बीके राजु, बीके जीतु, बिशन सिंह तंवर आदी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### होटलों पर हुई खाद्य पदार्थों की जांच

**पावटा।** मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच और कार्रवाई को लेकर चिकित्सा विभाग का फूड डिपार्टमेंट अभी से कार्यवाही पर लग गया है। आगामी त्योहार के सीजन को देखते हुए कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना में सीएमएचओ डॉ आशीष सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच मौके पर ही किये जाने हेतु "फूड सेफ्टी ऑन व्हील" मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब का वाहन ज्यों कि गांव गांव जाकर खाद्य पदार्थों के मिलावट की जांच करेंगी। जिसके तहत सोमवार को उपखंड पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित होटलों पर मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के संचालक पवन ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच मौके पर करके दिखाया। पवन ने बताया कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के द्वारा दूध और दूध उत्पाद, सरसों का तेल, हल्दी, मसाले, मिठाइयों में स्टार्च, डिटर्जेंट, माल्टोडेक्सट्रिन, अमोनियम सल्फेट इत्यादि की जांच की।

### छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा को लाइव दिखाया

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र के आदर्श विद्या मंदिर रामशाला चौक बौंली के सभागार में सोमवार को विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा का लाइव दिखाया गया। लाइव के दौरान प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं की पाठशाला कार्यक्रम के तहत परीक्षा में सफलता व तनाव मुक्त रहने के कई मंत्र व उपाय उदाहरण देकर समझाए। प्रधानमंत्री ने लाइव कार्यक्रम में पर्यावरण एक पेड़ मां के नाम, पहला सुख निरोगी काया सहित अन्य मामलों में विस्तार से पूछे गए छात्र-छात्राओं के सवालों का जवाब देकर उन्हें निश्चित रहकर विद्या अध्ययन कर अपना भविष्य संवारने की प्रेरणा दी। लाइव कार्यक्रम के दौरान बालिका माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य तुलसी नारायण सैनी, गोविंद नारायण भदोरिया, अर्चना शर्मा, कांता प्रसाद शर्मा, मनाली पाराशर सहित विद्या मंदिर का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### 12 को सामूहिक विवाह समारोह

**कोटपूतली।** सेवा भारती समिति कोटपूतली हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 फरवरी बुधवार माघ पूर्णिमा डांडारोपणी को श्रीराम जानकी 06 वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने जा रही है। सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता के भाव को दर्शाता है। सामूहिक विवाह समारोह के संयोजक रमेश चंद बंसल किताबवाला ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में सात जातियों के 11 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे। सभी को समिति की ओर से उपहार दिये जायेंगे। यह समारोह बंसत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर कोटपूतली के प्रांगण में संपन्न होगा। बारात प्रातरू10 बजे नगर परिषद पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई 12 बजे बसत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर पहुंचेगी।